प्राकृत भारती पुष्प-२४

वाक्पतिराज की लोकानुभूति

सम्पादक :

डा० कमलचन्द सोगाणी

सह-प्रोफेसर, दर्शन-विभाग

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय

उदयपुर

राजस्थान प्राकृत भारती संस्थान

जयपुर

प्रकाशकीय

राजस्थान प्राकृत भारती संस्थान के 24 वें पुष्प के रूप में 'वाक्पतिराज की लोकानुभूति' पाठकों के समक्ष प्रस्तुत करते हुए हर्ष का अनुभव हो रहा है। प्राकृत भारती सस्थान प्राकृत भाषा के विकास के लिए समर्पित है। इसमें कोई सन्देह नही है कि प्राकृत भाषा का ज्ञान भारतीय संस्कृति के उचित मूल्यांकन के लिए महत्वपूर्ण है। इसका अध्ययन-अध्यापन वैज्ञानिक पद्धति से हो यह अत्यन्त आवश्यक है। प्राकृत साहित्य बहु आयामी है। इसमे लिखे गए महाकाव्य उच्च कोटि के हैं। इन महाकाव्यों मे जहाँ साहित्यिक सौंदर्य भरपूर है, वहां ही वे दार्शनिक-मूल्यात्मक दृष्टि से भी ओतप्रोत हैं। डा• सोगाणी ने वाक्पतिराज द्वारा रचित महाकाव्य, गउडवहो मे से शाश्वत अनुभूतियों का चयन 'वाक्पतिराज की लोकानुभूति' के अन्तर्गत करके एक नया आयाम प्रस्तुत किया है। गाथाओं का हिन्दी अनुवाद मूल को स्पर्श करता हुआ है। उन गाथाओं का व्याकरणिक विश्लेषण देकर तो उन्होंने प्राकृत भाषा के अध्ययन-अध्यापन को एक नई दिशा प्रदान की है। प्राकृत भारती इस प्रस्तुतीकरण के लिए उन्हें साधुवाद देता है। हमें लिखते हुए हर्ष होता है कि उन्होंने इसी प्रकार से 10 चयनिकाएँ तैयार की हैं जिनको प्राकृत भारती ने अपने प्रकाशन कार्य-क्रम में सम्मिलित किया है। ये सभी चयनिकाएँ पाठकों को विभिन्न विषयों का ज्ञान प्रदान करेंगी और प्राकृत के अध्ययन-अध्यापन की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगी, ऐसी आशा की जाती है।

संस्थान के संयुक्त-सचिव एवं जैन विद्या के प्रकाण्ड विद्वान् महोपाध्याय श्री विनयसागरजी का आभारी हूँ जिन्होंने पुस्तक के प्रकाशन-कार्य मे अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया है।

पुस्तक के मुद्रण-कार्य के लिए संस्थान मनोज प्रिन्टर्स जयपुर के प्रति धन्यवाद ज्ञापन करता है।

राजरूप टांक
अध्यक्ष

देवेन्द्रराज मेहता
सचिव

राजस्थान प्राकृत भारती संस्थान
जयपुर

प्रस्तावना

यह सर्व विदित है कि मनुष्य अपनी प्रारम्भिक अवस्था से ही रगो को देखता हैं ध्वनियो को सुनना है, स्पर्शों का अनुभव करता है, स्वादो को चखता है तथा गधो को ग्रहण करता है। इस तरह उसकी सभी इन्द्रियाँ सक्रिय होती हैं। वह जानता है कि उसके चारों ओर पहाड हैं तालाब हैं, वृक्ष हैं, मकान हैं मिट्टी के टीले हैं, पत्थर हैं इत्यादि। आकाश मे वह सूर्य, चन्द्रमा और तारों को देखता है। ये सभी वस्तुएँ उसके तथ्यात्मक जगत का निर्माण करती हैं। इस प्रकार वह विविध वस्तुओ के बीच अपने को पाता है। उन्हीं वस्तुओ से वह भोजन, पानी, हवा आदि प्राप्त कर अपना जीवन चलाता है। उन वस्तुओ का उपयोग अपने लिए करन के कारण वह वस्तु-जगत का एक प्रकार से सम्राट् बन जाता है। अपनी विविध इच्छाओ की तृप्ति भी बहुत सीमा तक वह वस्तु जगत से ही कर लेता है। यह मनुष्य की चेतना का एक आयाम है।

धीरे धीरे मनुष्य की चेतना एक नया मोड लेती है। मनुष्य समझने लगता है कि इस जगत मे उसके जैसे दूसरे मनुष्य भी हैं जो उसकी तरह हँसते हैं, रोते हैं, सुखी-दुखी होते हैं। वे उसकी तरह विचारो भावनाओ और क्रियाओं की अभिव्यक्ति करते हैं। चूँकि मनुष्य अपने चारों ओर की वस्तुओ का उपयोग अपने लिए करने का अभ्यस्त होता है, अत. वह अपनी इस प्रवृत्ति के वशीभूत होकर मनुष्यों का उपयोग भी अपनी आकाक्षाओ और आशाओ की पूर्ति के लिए ही करता है। वह चाहने लगता है कि सभी उसी के लिए जीएँ। उसकी निगाह मे दूसरे मनुष्य वस्तुओ से अधिक कुछ नहीं

होते हैं। किन्तु उसकी यह प्रवृत्ति बहुत समय तक चल नहीं पाती है। इसका कारण स्पष्ट है। दूसरे मनुष्य भी इसी प्रकार की प्रवृत्ति मे रत होते हैं। इसके फलस्वरूप उनमें शक्ति-वृद्धि की महत्वाकांक्षा का उदय होता है। जो मनुष्य शक्ति-वृद्धि में सफल होता है, वह दूसरे मनुष्यो का वस्तुग्रो की तरह उपयोग करने मे समर्थ हो जाता है। पर मनुष्य की यह स्थिति घोर तनाव की स्थिति होती है। अधिकाश मनुष्य जीवन के विभिन्न क्षेत्रो मे इस तनाव की स्थिति में से गुजर चुके होते हैं। इसमें कोई सदेह नहीं कि यह तनाव लम्बे समय तक मनुष्य के लिए असहनीय होता है। इस असहनीय तनाव के साथ-साथ मनुष्य कभी न कभी दूसरे मनुष्यो का वस्तुग्रो की तरह उपयोग करने मे असफल हो जाता है। ये क्षण उसके पुनर्विचार के क्षण होते हैं। वह गहराई से मनुष्य-प्रकृति के विषय मे सोचना प्रारम्भ करता है, जिसके फलस्वरूप उसमे सहसा प्रत्येक मनुष्य के लिए सम्मान भाव का उदय होता है। वह अब मनुष्य-मनुष्य की समानता और उसकी स्वतन्त्रता का पोषक बनने लगता है। वह अब उनका अपने लिए उपयोग करने के बजाय अपना उपयोग उनके लिए करना चाहता है। वह उनका शोषण करने के स्थान पर उनके विकास के लिए चिंतन प्रारम्भ करता है। वह स्व-उदय के बजाय सर्वोदय का इच्छुक हो जाता है। वह सेवा लेने के स्थान पर सेवा करने को महत्व देने लगता है। उसकी यह प्रवृत्ति उसे तनाव-मुक्त कर देती है और वह एक प्रकार से विशिष्ट व्यक्ति बन जाता है। उसमे एक असाधारण अनुभूति का जन्म होता है। इस अनुभूति को ही हम मूल्यों की अनुभूति कहते हैं। वह अब वस्तु जगत मे जीते हुए भी मूल्य जगत में जीने लगता है। उसका मूल्य-जगत में जीना धीरे धीरे गहराई की ओर बढ़ता जाता है। वह अब मानव-मूल्यो की खोज में सलग्न हो जाता है। वह मूल्यो के लिए ही जीता है और समाज मे उनकी अनुभूति बढे इसके लिए अपना जीवन समर्पित कर देता है। यह मनुष्य की चेतना का एक दूसरा आयाम है।

वाक्पतिराज की

वाक्पतिराज[1] चेतना के इस दूसरे आयाम के धनी है। उनकी मूल्यात्मक अनुभूतियाँ सघन हैं। उनके अनुसार गुण मूल्यवान् हैं, महापुरुष गुणों के आगार होते हैं, सत्पुरुष गुणो के लिए प्रयत्नशील होते हैं। वाक्पतिराज वैभव एव धन को साधन-मूल्य के रूप मे स्वीकार करते हैं। उनके लिऐ काव्य-रस साध्य मूल्य है। वाक्पतिराज शाश्वत मूल्यों की अनुभूतियों के चक्षुओं से लोक को देखते हैं और अपने चारो ओर के वातावरण को मूल्यात्मक अनुभूतियों के परिप्रेक्ष्य मे समझने का प्रयास करते हैं। शाश्वत मूल्यों की पृष्ठभूमि से लोक को देखने के फलस्वरूप लोकानुभूतियाँ उत्पन्न होती हैं। इन्हीं लोकानुभूतियों की चर्चा वाक्पतिराज ने की है। ये अनुभूतियाँ गम्भीर हैं और ऐसा प्रतीत होता है मानो वाक्पतिराज वर्तमान मे ही लोक का निरीक्षण कर रहे हों। इस प्रकार की कालातीत अनुभूतियाँ उनके हृदय में प्रस्फुटित हुई हैं। वे गुणवानों को देखते हैं, महापुरुषों के बारे मे सोचते हैं, शासको तथा अधिकारियों के प्रति खिन्नता प्रकट करते हैं। उनके विचार से मूल्यों में गिरावट के लिए शासक एव अधिकारी ही जिम्मेदार हैं। अब हम यहाँ 'वाक्पतिराज की लोकानुभूति' मे चयनित अनुभूतियों की चर्चा करेंगे।

गुण और गुणी व्यक्ति :

वाक्पतिराज का कहना है कि गुणी व्यक्ति गुणों का जानकार अपने में गुणों को प्रकट करने से होता है, किन्तु दुष्ट व्यक्ति पर-गुणों का उल्लेख

[1] वाक्पतिराज ने प्राकृत के महाकाव्य गउडवहो की रचना ई० सन् 736 के आस-पास की थी। इस महाकाव्य मे 1209 गाथाएँ हैं। यद्यपि यह एक प्रशस्ति काव्य है, तथापि उस काल मे अनुभूत मूल्यों का वर्णन वाक्पतिराज ने इसमे बडी ही कुशलता से किया है। "As Pandit observes this is one of the best and most remarkable parts of the poem and abounds in sentiments of the very highest order" (पृष्ठ XXXI) गउडवहो : सम्पादक : सुरु, (प्राकृत ग्रन्थ परिषद, अहमदाबाद) इन्हीं मूल्यों सम्बन्धी गाथाओं में से हमने 100 गाथाओं का चयन 'वाक्पतिराज की लोकानुभूति' शीर्षक के अन्तर्गत किया है।

न करने के कारण गुणों से परिचय प्राप्त करता है (6)। जो गुणवान् इस जगत में अपने गुणों का प्रदर्शन नहीं करता है वह ही गुणपूर्वक जी सकता है (30)। ऐसा प्रतीत होता है कि वाक्पतिराज को लोक में गुणी व्यक्ति असफल होते हुए दिखाई दिए। अतः उन्होंने कहा कि दोषों के जो गुण हैं वे यदि गुणों में आ जाएँ, तो ही गुणों को नमस्कार करना उचित है अर्थात् जैसे दोषों के द्वारा सांसारिक जीवन में सफलता मिल जाती है, वह यदि गुणों से मिल जाय तो ही गुणों को नमस्कार करना उचित है (37)। किन्तु वाक्पतिराज इस बात को भी स्वीकार करते हैं कि कभी-कभी किन्हीं गुणी मनुष्यों का उत्कर्ष दूसरे गुणियों द्वारा आगे बढ़ने के कारण नहीं होता है। फिर भी, उनमें गुण हैं इस बात को नहीं भुला जा सकता है (82)। व्यक्ति के जीवन में गुणों के सिद्ध होने पर ही उसकी मति दोषों की तरफ नहीं झुकती है (38)। यह ध्यान रहे कि पर-गुणों की लघुता प्रदर्शन के द्वारा स्व में गुण उदित नहीं होते हैं (39)। वाक्पतिराज का यह दृढ़ विश्वास है कि गुणों से उत्पन्न होने वाली महिमा को गुणों के झूठे प्रदर्शन के द्वारा गुण रहित व्यक्ति प्राप्त नहीं कर सकता है। सच तो यह है कि महा गुणी व्यक्ति भी अपने गुणों के प्रदर्शन के द्वारा तुच्छता अनुभव करता है (40)। यह विश्वास किया जाना चाहिए कि महिमा में और गुणों के फल में घनिष्ट सम्बन्ध है। किन्तु दुष्ट पुरुष महिमा को अगुणों से जोड़ता है, यह उसकी भूल है (41)। गुणवानों के हृदय में गुणों से उत्पन्न मद कभी प्रवेश नहीं करता है, क्या प्रदर्शित नहीं करने पर भी उनके गुण महान नहीं होते हैं (42)? गुणों के प्रेमी वाक्पतिराज का कहना है कि गुण अवश्य ही प्रशंसित होने चाहिए। यदि ऐसा नहीं होगा तो दोष फलेंगे और धीरे धीरे लोक भी अगुणों के आदर से गुण-शून्य हो जायगा (45)। गुणवानों की प्रशंसा के लिए मनुष्यों में उदार भाव, सरलता आदि गुणों का होना आवश्यक है (55)। इतना होते हुए भी वाक्पतिराज यथार्थवादी दृष्टिकोण को लिए हुए कहते हैं कि चूँकि प्रचुर विशेषताओं वाले मनुष्य बहुत ही थोड़े होते हैं, यहाँ तक कि एक विशेषता वाले मनुष्य भी सब जगह पर नहीं होते हैं तथा निर्दोष मनुष्य का तो मिलना भी कठिन

है। अत अल्प दोष को लिए हुए मनुष्य की भी प्रशंसा की जा सकती है (80)। गुण और दोष का मापदण्ड बतलाते हुए वाक्पतिराज कहते हैं कि जो मरे हुए मनुष्यों के विषय मे सुने जाते हैं वे दोष हैं और जो जीते हुए मनुष्यों के विषय में कहे जाते हैं वे गुण हैं (83)। व्यवहार से ही मनुष्य पहिचाना जाना चाहिए (84)। यह दुःख की बात है कि इस लोक मे लोग केवल मात्र दोषों को देखने वाले होते हैं, यहाँ कोई भी मनुष्य ऐसा दिखाई नहीं देता है जो गुणमात्र का ही ग्रहण करने वाला हो (85)। वास्तव मे मनुष्य मे गुणों की शोभा उसके ईर्ष्या से मुक्त होने पर ही होती है। गुणों का ग्रहकार पीडाकारक होता है (87)। ईर्ष्यारूपी अपवित्रता को हटाने के लिए विवेकरूपी अग्नि को जलाना जरूरी है (43)। किन्तु ईर्ष्या-भाव मनुष्य पर इतना हावी होता है कि उज्जवल स्वभावी व्यक्ति भी इससे बच नहीं पाते हैं (7)।

सत्पुरुष और लक्ष्मी :

वाक्पतिराज कहते हैं कि यद्यपि लक्ष्मी महान होती है, तो भी गुणी व्यक्ति उसको तुच्छ समझते हैं, इसीलिए लक्ष्मी का गुणो से विरोध पैदा हुआ है (61)। लक्ष्मी सत्पुरुष का शीघ्रता से आलिंगन नहीं करती है, इसका कारण यह प्रतीत होता है कि सत्पुरुष उसको अपने पास आने के लिए उपेक्षा भाव से आज्ञा देता है (62)। किन्तु यह भी निश्चित है कि सत्पुरुष के अभाव मे लक्ष्मी भी आलबन रहित अनुभव करती है। क्या किया जाय दैव के कारण लक्ष्मी का सत्पुरुष से न चाहा हुआ विरह होता है (63)? पूज्य लक्ष्मी तो धर्म से उत्पन्न होती है उसका सत्पुरुष से विरोध क्यों होना चाहिए (64)? यह आश्चर्य है कि लोक मे लक्ष्मी का कार्य विपरीतता को लिए हुए होता है। वह किसी के गुणों को दूर हटाती है तथा उसके लिए दोषों को देती है किसी के दोषो को छुपाती है और उसके लिए प्रसिद्धि देती है (66)। यदि गुणो और लक्ष्मी की तुलना की जाय, तो वाक्पतिराज

का कहना है कि गुण ही दुष्ट प्रतीत होते हैं, लक्ष्मी नहीं, क्योंकि लक्ष्मी गुणियों के पास जाने को तैयार है पर खेद है कि गुणी लक्ष्मी को बुलाते ही नहीं हैं (67)। वाक्पतिराज लोक में दुष्टों के पास लक्ष्मी देखते हैं तो कहते हैं कि वे लक्ष्मी के सदृश प्रतिबिम्ब ही हैं जो दुष्टों में स्थित हैं (64)। वाक्पतिराज का यह विश्वास है कि लक्ष्मी प्रतिबिम्ब आचरणवान् के ही होती है, अधमों के नहीं (65)। यह बात समझ लेनी चाहिए कि लक्ष्मी कितनी ही महत्वपूर्ण क्यों न हो उसका अभाव गुणों से संतुष्ट हृदयों को पीड़ा नहीं पहुँचा सकता है (93)। वाक्पतिराज उन लोगों को लताड़ते हैं जो संपत्ति को ही साध्य मानते हैं और वे कहते हैं कि यदि अत्यधिक संपत्ति प्राप्त करके भी यदि किसी की तृष्णा नहीं मिटी है, तो यह ऐसी ही बात है जैसे कोई पर्वत पर चढ़कर गगन पर चढ़ना चाहता हो (96)। यथार्थवाद की मूर्ति वाक्पतिराज कहते हैं कि जो व्यक्ति निर्धन है उसके लिए ऊँचे उद्देश्य कैसे संभव हैं ? ऐसा व्यक्ति उच्च प्रयत्नों से रहित होता है (91)।

कृपण के स्वभाव को बतलाते हुए वाक्पतिराज का कहना है कि कृपण दूसरों में दान-गुण को सराहते हैं, किन्तु स्वयं दान देने में हिचकते हैं, ऐसे लोगों को लज्जा क्यों नहीं आती है (60) ? धन का दान महान् व्यक्ति करते हैं (50)। अपनी लोकानुभूति को अभिव्यक्त करते हुए वाक्पतिराज कहते हैं कि लोक में दरिद्र व्यक्ति का शीलवान् होना महत्वपूर्ण नहीं बन पाता है (17)।

लक्ष्मी की प्राप्ति के रहस्य को समझाते हुए वाक्पतिराज का कहना है कि धनी मनुष्य सदैव सुचरित्रों की खोज में रहता है, यद्यपि वह स्वयं गुणों से खिसकने की चिन्ता नहीं करता है (16)। यह आश्चर्य की बात है कि जब गुणी व्यक्ति लक्ष्मी को प्राप्त करते हैं तो कभी-कभी दुर्गुणों में फँस जाते हैं, किन्तु इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि जब गुण-रहित व्यक्ति लक्ष्मी को प्राप्त करते हैं, तो वे गुणों से बहुत ही दूर चले जाते हैं (20)। खेद है कि तुच्छ

स्वभावी व्यक्ति गुणो को धन के लिए बेच देते हैं, पर उच्च स्वभावी व्यक्ति धन से गुणो को लाना चाहते हैं (21)। वाक्पतिराज इस बात से दु खी प्रतीत होते है कि लोक मे यह देखने मे आता है कि गुणी व्यक्ति वैभव पर आरूढ व्यक्तियो को तथा वैभवशाली व्यक्ति गुणो मे महान व्यक्तियों को कुछ भी नहीं समझते हैं। वे आपस मे एक दूसरे को छोटा करने मे लगे रहते हैं (44)। इससे हानि होती है और अच्छे कार्य नहीं हो पाते हैं।

सज्जन सत्पुरुष ·

वाकपतिराज के अनुसार सज्जनो को दो दु ख रहते हैं। एक ओर यह दु ख रहता है कि वे सत्पुरुषो के काल म उत्पन्न नहीं हुए तथा दूसरी ओर यह दु ख रहता है कि वे दुष्ट पुरुषो के काल मे उत्पन्न हुए (24)। जब कहीं सत्पुरुषों की बात को मूढ लोग नहीं समझते हैं, तो वे उस स्थान को छोडकर अन्य स्थान को चले जाते हैं (23)। यह उच्च कोटि का व्यवहार है कि सज्जन व्यक्ति अपने प्रति किए गए अपराध के कारण भी अपराधी के प्रति निम्न स्तर की क्रियाओ मे प्रवृत्ति नही करते है (36)। सत्पुरुषो का राजाओ से भी कोई प्रयोजन नहीं होता है। चूँकि सत्पुरुष आसक्ति-रहित होते हैं, इसलिए विधाता के साथ भी सघर्ष करने के लिए धैर्यरूपी कटिबद्ध से बँधे हुए रहते हैं (46)। सत्पुरुष वैभव का त्याग करते हैं, मरण का स्वागत करते हैं। इसका प्रभाव यह होता है कि यमराज भी उनके जीवन को बढ़ा देता है (52)। सत्पुरुषो का यश अवश्य फैलता है किन्तु धीरे-धीरे सत्पुरुषों के विषय में गुणो के उद्गार कम हो जाते हैं। सदैव किसी का यश नहीं चलता है (76)। सत्पुरुष असाधारण व्यक्ति होते हैं, उनमे कोई छोटा दोष रहे तो ही अच्छा है वरना उनके साथ कोई सम्बन्ध स्थापित नहीं किया जा सकेगा (81)। सत्पुरुष किसी के एक गुण की भी प्रशसा करते हैं (86)। सत्पुरुष इस बात से ही धीरज धरते हैं कि उनके द्वारा किसी को तो सतोष होता ही है (89)। सज्जनों को उस समय दु ख होता है जब वे निर्धनता के

कारण किसी को स्नेह सहित भट नही दे पाते हैं (90)। वाकपतिराज का कथन है कि सज्जन व्यक्ति उदारता वश यदि किसी की प्रशसा करता है तो वह भी झूठ बोलने और चापलूसी करने के कारण दुष्टता को प्राप्त कर लेता है (95)। सज्जनो की कितनी ही निंदा की जाय उससे उनका कुछ भी नहीं बिगडता है बल्कि वह निंदा एक न एक दिन निन्दा करने वाले दुष्टो पर ही घटित हो जाती है (5)। वाकपतिराज कहते हैं कि दुष्ट का यह स्वभाव होता है कि वे नीच सगति मे ही प्रसन्न होते हैं यद्यपि सज्जन उनके निकट होते हैं। यह निश्चय ही स्वच्छाचारिता है कि रत्नो के सुलभ होने पर भी दुष्टो द्वारा काँच ग्रहण किया जाता है (58)।

शासक और अधिकारी वग

वाकपतिराज लोक मे यह देखते प्रतीत होते हैं कि शासक और अधिकारी वग का व्यवहार मूल्यों से रहित होता है। वे अपने स्वार्थों को ध्यान मे रखकर ही काय करते हैं। वाकपतिराज का कथन है कि यद्यपि राजा धन तथा स्त्रियो के रहस्य की चौकसी से सदैव शका करने वाले होते हैं तथापि यह आश्चय है कि दुष्ट व्यक्ति ही सदव उनके निकट रहते है (18)। वाकपतिराज को यह विश्वास नही होता है कि गुणी व्यक्ति कभी राजाओ के समीप रहेंगे। यदि कोई गुणी व्यक्ति राजाओ के घरो में पहुँचते हैं तो फिर वे सामान्य व्यक्ति ही होंगे (28)। सद्गुणो के कारण ही राजाओं के द्वारा सज्जनों से घृणा की जाती है। अत वाकपतिराज की सलाह है कि सज्जनों को राजाओ से आदर प्राप्त करने की अपेक्षा नहीं करनी चाहिए (29)।

वाक्पतिराज का मत है कि सर्वोच्च अधिकारी अपनी मिथ्या प्रशसाओ के द्वारा दुष्टो से ठगे जाते हैं। व यह समझने लगते है कि उनमे प्रशसित गुण विद्यमान है (14)। अधिकारी उत्तम बुद्धि वालो तथा चरित्र वालों को मिलने के लिए तो आमत्रित करते हैं पर उनका यह विचारना होता है कि उनके स्वय के लाभ ही सर्वोपरि होते हैं (26)। अधिकारी अच्छे लोगो

का अनादर करते हैं इससे वे अच्छे लोग अशान्त भी होते हैं। पर अधिकारियों द्वारा दुष्टों का सम्मान देखकर वे अच्छे लोग एक क्षण में ही शान्त हो जाते हैं (27)। यह अजीब बात है कि अधिकारियों के हृदय सज्जनों का सम्मान सहन नहीं कर सकते हैं इसीलिए वे सज्जनों से दूर हट जाते हैं। यह ऐसे ही हैं जैसे कोई बोझ के भय से आभूषणों का त्याग कर देता हो (31)। अधिकारी दूसरे के गुणों को व्यक्त करने में बहुत कुटिल होते है (32)।

गुणों के आगार महापुरुष

महापुरुष, गुणों के आगार होते हैं। वे दूसरे के छोटे गुण से भी प्रसन्न हो जाते हैं, किन्तु अपने बड़े गुण में भी उनको सतोष नहीं होता है। इस तरह से वे शीलवान् और विवेकवान् होते हैं (10)। महापुरुषों के गुणों से सब प्रथम उत्तम आत्माएँ ही प्रभावित की जाती हैं, उनके गुण सामान्य व्यक्तियों में तत्पश्चात् ही प्रकट होते हैं ठीक ही है चन्द्रमा की किरणें पहले पर्वत के ऊपरी भाग पर जाती हैं फिर धरती पर (11)। महापुरुष पर का कल्याण करने वाले होते हैं (12)। अपने हृदय की विशालता के कारण लोगों के विषय में वे अपनी सम्मतियाँ प्रकट नहीं करते हैं। ठीक ही है प्रकाश की मन्द किरणें महाभवनों में ही फिरती हैं वे बाहर नहीं आती हैं (48)। अत्यन्त ओजस्वी होने के कारण महापुरुषों की योजनाएँ सफल नहीं होती हैं। ठीक ही है, उज्ज्वलता के कारण बिजली का प्रकाश आँखों को चकाचौंध कर देता है (49)। महान लोग (महापुरुष) इच्छापूर्वक ही लक्ष्मी का त्याग करते हैं (50)। यदि महान लोगों को समाज कोई उपहार देता है, तो वे उस उपहार को बहुत बड़ा दर्शाते हैं (57)। यदि महान लोगों पर दुःख आते हैं तो भी वे सुखपूर्वक ही रहते हैं (71)। वाकपतिराज लोक में देखते हैं कि गुणों से महान व्यक्ति मानव जाति का उपकार करने वाले होते हैं फिर भी यह आश्चर्य है कि वे उच्च-स्थान को प्राप्त नहीं करते हैं और कभी-कभी उनके लिए जीविका का साधन भी नहीं होता है (53)। महापुरुष जिन

1 लोकानुभूति

मूल्यों को लोक मे स्थापित करना चाहते हैं, उनके लिए प्रशंसा न मिलने पर भी वे उनको स्थापित करने के लिए संघर्ष करते रहते हैं (92)। यद्यपि महापुरुष अपने को सम्मान से अलग कर लेते हैं, फिर भी उनकी कीर्ति की जड़ें गहरी होती जाती हैं (94)।

उपर्युक्त लोकानुभूतियों के अतिरिक्त वाक्पतिराज की कुछ फुट पुट अनुभूतियाँ भी हैं। वे कहते हैं जिनके हृदय काव्य-तत्त्व के रसिक होते हैं उनके लिए निर्धनता में भी कई प्रकार के सुख होते हैं और वैभव में भी कई प्रकार के दुःख होते हैं (3)। थोड़ी लक्ष्मी उपभोग की जाती हुई शोभती है, पर अधूरी विद्या हास्यास्पद होती है (4)। कवियों की वाणियों के कारण ही यह जगत हर्ष और शोकमय दिखाई देता है (1)। वाक्पतिराज कहते हैं कि कुछ घर ऐसे होते हैं जहाँ केवल नौकर दुष्ट होता है, कुछ घर ऐसे होते हैं जहाँ केवल मालिक दुष्ट होता है, तथा कुछ घर ऐसे होते हैं जहाँ मालिक और नौकर दोनों दुष्ट होते हैं (22)। वास्तव मे घर तो वे होते हैं जहाँ सभी को पूर्ण संतोष मिलता है (54)। इस जगत में कुछ लोग प्रशंसा प्राप्त नहीं करते हैं तथा कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो प्रशंसा से परे होते हैं। यहाँ प्रशंसा तो प्रशंसातीत तथा जघन्य मनुष्यों के बीच मे स्थित मनुष्यों की ही होती है (51)।

अध्यात्मवाद की सीढ़ी पर चढ़कर वाक्पतिराज कहते हैं कि सांसारिक सुखों को छोड़कर जो सुख हैं वे ही वास्तव में सुख हैं (68)। सांसारिक सुखों मे आसक्ति होने के कारण ही दुःख अधिक उग्र लगते हैं (69)। यदि कोई सांसारिक सुखो से अपने को दूर भी करले, तो भी चित्त को ये सुख आकर्षित करते रहते हैं। इन सुखों को त्यागना अत्यन्त कठिन है (70)।

लोकानुभूतियों के उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि गउडवहो मे वाक्पतिराज ने जीवन के मूल्यात्मक पक्ष का सूक्ष्मता से अवलोकन किया है। इसी विशेषता से प्रभावित होकर यह कथन (वाक्पतिराज की लोकानुभूति)

पाठकों के समक्ष प्रस्तुत करते हुए हर्ष का अनुभव हो रहा है। गाथाओं का हिन्दी अनुवाद मूलानुगामी बनाने का प्रयास किया गया है। यह दृष्टि रही है कि अनुवाद पढने से ही शब्दों की विभक्तियाँ एवं उनके अर्थ समझ में आजाएँ। अनुवाद को प्रवाहमय बनाने की भी इच्छा रही है। कहाँ तक सफलता मिली है इसको तो पाठक ही बता सकेंगे। अनुवाद के अतिरिक्त गाथाओं का व्याकरणिक विश्लेषण भी प्रस्तुत किया गया है। इस विश्लेषण में जिन संकेतों का प्रयोग किया गया है, उनको संकेत सूची में देखकर समझा जा सकता है। यह आशा की जाती है कि व्याकरणिक विश्लेषण से प्राकृत को व्यवस्थित रूप से सीखने में सहायता मिलेगी तथा व्याकरण के विभिन्न नियम सहज में ही सीखे जा सकेंगे। यह सर्व विदित है कि किसी भी भाषा को सीखने के लिए व्याकरण का ज्ञान अत्यावश्यक है। प्रस्तुत गाथाओं एवं उनके व्याकरणिक विश्लेषण में व्याकरण के साथ-साथ शब्दों के प्रयोग भी सीखने में मदद मिलेगी। शब्दों की व्याकरण और उनका अर्थपूर्ण प्रयोग दोनों ही भाषा सीखने के आधार होते हैं अनुवाद एवं व्याकरणिक विश्लेषण जैसा भी बन पाया है पाठकों के समक्ष है। पाठकों के सुझाव मेरे लिए बहुत ही काम के होंगे।

आभार :

'वाक्पतिराज की लोकानुभूति' इस पुस्तक के लिए प्रो० नरहर गोविंद सुरु द्वारा सपादित गउडवहो के संस्करण का उपयोग किया गया है। इसके लिए प्रो० सुरु के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ। 'गउडवहो' का यह संस्करण प्राकृत ग्रन्थ परिषद् अहमदाबाद से सन् 1975 में प्रकाशित हुआ है।

मेरे विद्यार्थी डॉ० श्यामराव व्यास, दर्शन विभाग, सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर का आभारी हूँ जिन्होंने इस पुस्तक के हिन्दी अनुवाद एवं उसकी प्रस्तावना को पढ़कर उपयोगी सुझाव दिए। डा० प्रेम सुमन जैन,

जैन-विद्या एवं प्राकृत विभाग, सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर, डा० उदयचन्द जैन जैन-विद्या एवं प्राकृत विभाग, सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर, श्री मानमल कुदाल, आगम अहिंसा समता एवं प्राकृत संस्थान, उदयपुर तथा डा० हुकमचन्द जैन जैन विद्या एवं प्राकृत विभाग, सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर के द्वारा जो सहयोग प्राप्त हुआ उसके लिए भी आभारी हूँ।

मेरी धर्मपत्नी श्रीमती कमलादेवी सोगाणी ने इस पुस्तक की गाथाओं का मूल ग्रन्थ से सहर्ष मिलान किया है। इसके लिए उनका आभार प्रकट करता हूँ।

इस पुस्तक को प्रकाशित करने के लिए राजस्थान प्राकृत भारती संस्थान, जयपुर के सचिव श्री देवेन्द्रराजजी मेहता एवं संयुक्त-सचिव महोपाध्याय श्री विनयसागरजी ने जो व्यवस्था की है उसके लिए उनका हृदय से आभार प्रकट करता हूँ।

सह प्रोफेसर, दर्शन विभाग
मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय
उदयपुर (राजस्थान)
26 2 83

कमलचन्द सोगाणी

वाक्पतिराज के समान
लोकानुभूति के
धनी
स्व० पं० चैनसुखदास न्यायतीर्थ
को
सादर समर्पित

अनुक्रमणिका

वाक्पतिराज
की
लोकानुभूति

1 "इह् ते जअति कइणो जअमिणमो जाण सअल-परिणाम।
वाआसु ठिअ दीसइ आमोअ घण व तुच्छ व ॥

2. णिअआएँच्चिअ वाआएँ पत्तणो गारव णिवेसता।
जे एति पससच्चिअ जअति इह ते महा-कइणो॥

3. दोग्गच्चम्मि वि सोक्खाइँ ताण विहवे वि होति दुक्खाइ
कव्व-परमत्थ-रसिआइँ जाण जाअति हिअआइँ॥

4 सोहेइ सुहावेइ अ उवहुज्जतो लवो वि लच्छीए।
देवी सरस्सई उण असमग्गा किं पि विणडेइ॥

5 लग्गिहिइ ण वा सुअणे वयणिज्ज दुज्जणेहिँ भण्णत।
ताण पुण त सुअणाववाअ-दोसेण सघडइ ॥

6 पर-गुण-परिहार-परम्पराएँ तह ते गुणण्णुआ जाआ।
जाआ तेहिं चिअ जह गुणेहिँ गुणिणो पर पिसुणा॥

1 इस लोक मे वे कवि जीतते हैं (सफल होते हैं) जिनकी वाणियों (काव्यो) मे सकल अभिव्यक्ति विद्यमान (है)। (और इसलिए) यह जगत या तो हर्ष से पूर्ण या तिरस्कार योग्य देखा जाता है।

2. स्वकीय वाणी के द्वारा ही निज के गौरव को स्थापित करते हुए जो निश्चय ही प्रशंसा प्राप्त करते हैं, वे महाकवि इस लोक मे जीतते हैं (सफल होते हैं)।

3. जिनके हृदय काव्य-तत्त्व के रसिक होते हैं, उन (व्यक्तियो) के लिए निर्धनता मे भी (कई प्रकार के) सुख होते हैं (तथा) वैभव मे भी (कई प्रकार के) दुख होते हैं।

4 लक्ष्मी की थोडी मात्रा भी उपभोग की जाती हुई शोभती है तथा सुखी करती है, किन्तु किंचित् भी अपूर्ण देवी सरस्वती (अधूरी विद्या) उपहास करती है।

5. दुर्जनो द्वारा कही हुई निंदा सज्जनो को लगेगी अथवा नही लगेगी (कहा नही जा सकता), किन्तु वह (निंदा) सज्जनो की निंदा (से उत्पन्न) दोष के कारण उन (दुर्जनो) के (ही) घटित हो जाती है।

6. पर-गुणो का उल्लेख न करने की परिपाटी के कारण वे अत्यन्त दुष्ट व्यक्ति गुणों के जानकार वैसे ही हुए (हैं) जैसे गुणी (व्यक्ति) (अपने मे) उन गुणों के कारण (ही) (गुणो के जानकार) हुए (हैं)।

7. ज णिम्मल. वि खिज्जति हत विमलेहिँ सज्जण-गुणेहिं ।
त सरिस ससि-अर-कारणाएँ करि-दत-विअणाए ॥

8 जाण असमेहिँ विहिआ जाअइ णिदा समा सलाहा वि ।
णिंदा वि तेहिँ विहिआ ण ताण मण्णे किलामेइ ॥

9. बहुओ सामण्ण-मइत्तणेण ताणं परिग्गहे लोओ ।
काम गआ पसिद्धि सामण्ण-कई अओच्चेअ ॥

10. हरइ अणू वि पर-गुणो गरुअम्मि वि णिअ-गुणे ण सतोसो ।
सीलस्स विवेअस्स अ सारमिण एत्तिअ चेअ ॥

11 इअरे वि फुरन्ति गुणा गुरुण पढम कउत्तमासंगा ।
अग्गे सेलग्ग-गआ इन्दु-मऊहा इव महीए ॥

12. णिव्वाडताण सिर्व सअलं चिअ सिवअर तहा ताण ।
णिव्वडइ किं पि जह ते वि अप्पणा विम्हअमुवेंति ॥

13 पासम्मि अहकारी होहिइ कह वा गुणाण विवरम्मि ।
मव्व ण गुण-गम-मग्गो गुणरमिच्छति गुण-गामा ।।

14 मोह-सलाहाहिं तहा पहुणो पिसुणेहिं वेलविज्जंति ।
जह णिव्वडिएसु वि णिम-गुणेसु ते किं प चिंतेंति ।।

15 मुलहं हि गुणाहाण सगुणाहाराण णणु णरिदाण ।
अण्णसिअव्व-मग्गा कत्तो वि गुणा दारद्दाण ।।

16 तं खलु सरीएँ रहस्सं जं सुचरिअ-मग्गणत्क-हिअओ वि ।
अप्पाणमोसरंत गुणेहिं लोओ ण लक्खेइ ।।

17 लोएहिं अगहिअंचिअ सीलमविहव-ट्ठिअं पसण्णं पि ।
सोसमुवेइ तहिंचिअ कुसुम व फलग्ग-पडिलग्ग ।।

18. णिच्च धण-दार-रहस्स-रक्खणे संकिणो वि अच्छरिअं ।
आसण्ण-णीअ-वग्गा जं तहवि णराहिवा होंति ।।

13. गुणों के समीप होने पर अर्थात् गुणों के सद्भाव मे वह (कोई) सम्भवतया ग्रहङ्कारी हो जाएगा, (किन्तु) (गुणो के) ग्रभाव मे (वह-कोई ग्रहङ्कारी) कैसे (होगा) ? गुणो के इच्छुक गुणी मद रहित (होते हैं), (पर वे (ऐसे) गर्व को (ग्रवश्य) चाहते हैं जो गुणो पर ठहरा हुग्रा है ।

14 मिथ्या प्रशसाग्रो के द्वारा सर्वोच्चाधिकारी दुष्टो द्वारा इस प्रकार से ठगे जाते हैं कि (वे) बहुत ग्रशो तक उन (मिथ्या प्रशसाग्रो) को सिद्ध हुए निज गुणो मे ही विचार लेते हैं (समझ लेते हैं) ।

15. गुणियों के ग्राश्रय राजाग्रो के लिए गुणो की प्राप्ति करना ग्रवश्य ही सुलभ (है), किन्तु दरिद्रो के लिए (गुणो की प्राप्ति करना) कहाँ से सम्भव (है) ? (उनके लिए) गुण (उनके ही द्वारा) खोजे जाने योग्य मार्ग (होते हैं) ।

16 वास्तव मे लक्ष्मी की (प्राप्ति का) वह (यह) रहस्य (है) कि (धनी) मनुष्य सुचरित्र (व्यक्तियो) की खोज मे स्थिर हृदय (होता है), यद्यपि वह गुणो से निज को फिसलते हुए नहीं देखता है ।

17 दरिद्र मे ग्रवस्थित निर्मल शील भी लोक के द्वारा बिल्कुल स्वीकार नहीं किया गया (है) । (ग्रत वह) उस ग्रवस्था मे ही फल के ग्रग्र भाग पर लगे हुए फूल की तरह कुम्हलान को प्राप्त करता है ।

18. यद्यपि राजा धन तथा स्त्रियो के रहस्य की चौकसी मे (व्यक्तियों के प्रति) सदैव शका करने वाले होते हैं, तथापि (यह) ग्राश्चर्य (है) कि दुष्ट व्यक्ति (उनके) समीप (सदैव) विद्यमान रहते हैं ।

19. पेच्छह विवरीअमिमं बहुआ मइरा मएइ ण हु थोवा।
लच्छी उण थोवा जह मएइ ण तहा इर बहूआ।।

20. जे णिव्वडिअ-गुणा वि हु सिरिं गआ ते वि णिग्गुणा होंति।
ते उण गुणाण दूरं अगुणच्चिअ जे गआ लच्छिं।।

21 एक्के लहुअ सहावा गुणेहिं लहिउं महंति धण-रिद्धिं।
अण्णे विसुद्ध-चरिआ विहवाहि गुण विमग्गंति।।

22. परिवार-दुज्जणाइं पहु-पिसुणाइ पि होंति गेहाइ।
उहअ-खलाइं तहच्चिअ कमेण विसमाइ मण्णत्था।।

23. मूढेंजणम्मि अ-मुणिअ गुण-सार-विवेअ-वइअरुव्विग्गा।
किं अण्ण सप्पुरिसा गामाओ वण पवज्जंति।।

19. इस विपरीत बात को देखो' बहुत मदिरा उन्मत्त बनाती है, किन्तु थोडी नहीं; पर थोडी लक्ष्मी जैसी उन्मत्त बनाती है, वैसी (उन्मत्त) निस्सन्देह प्रचुर (लक्ष्मी) नहीं (बनाती है)।

20 आश्चर्य ! (जिनके द्वारा) गुण धारण किये गये (है) (ऐसे व्यक्ति) अर्थात् (गुणी व्यक्ति) जिन्होंने भी लक्ष्मी को प्राप्त किया (है) वे ही (लक्ष्मी को प्राप्त कर लेने पर) गुण रहित हो जाते हैं। (तो) फिर गुण-रहित, (व्यक्ति), जिन्होंने लक्ष्मी को प्राप्त किया (है) वे (तो) (लक्ष्मी को प्राप्त कर लेने पर) गुणों से (बहुत) ही दूर (हो जाते हैं)।

21. कुछ (व्यक्ति) (जिनके) स्वभाव तुच्छ (हैं) गुणो के द्वारा धन-वैभव को प्राप्त करने की इच्छा करते है, दूसरे (व्यक्ति) (जिनके) चरित्र विशुद्ध (है) वैभव के द्वारा गुणो को चाहते हैं।

22. घर (उत्तरोत्तर) क्रम से कष्टदायक (होते हैं): (जहाँ) (केवल) नौकर दुष्ट (हैं), (जहाँ) (केवल) मालिक दुष्ट (हैं) तथा (जहाँ) दोनों दुष्ट (हैं)। इस प्रकार ही तुम (सब) जानो।

23. (किसी) प्रसग मामले) में मूढ जनो द्वारा (सत्पुरुषो के) गुणो का महत्त्व (तथा) (उनके) सूक्ष्म विचार नही समझे हुए होने के कारण (वे) सत्पुरुष उद्विग्न (हो जाते हैं), (तथा) (कोई नही जानता है कि) (वे) गाँव से किस अन्य आवास-स्थल को चले जाते है ?

24. दुक्खेहि दोहिँ सुश्रणा श्रहिऊरिज्जंति दिग्रसिश्रंचेश्र।
सुपुरिस–काले श्र ण जं ज जाश्रा णीश्र-काले श्र ।।

25. सुमईए सुचरिश्राण श्र देंता श्रालोश्रएां पसंगं च।
पहुणो जं णिश्रश्र-फल त ताण फल ति मण्णति ।।

26. श्रण्णो वि णाम विहवी सुहाइं लीलासहाइं णिव्विसइ।
श्रसमजस-करणेच्चेश्र णवर णिव्वडइ पहुभावो ।।

27. श्रदोलंताण खणं गरुश्राण श्रणाश्ररे पहु-कश्रम्मि।
हिश्रश्र खल - बहुमाणावलोश्रणे णवर णिव्वाइ ।।

28. पत्थिव-घरेसु गुणिणो वि णाम जइ केवि सावसास व्व।
जण - सामण्ण त ताण किंपि श्रण्णच्चिश्र णिमित्तं ।।

24. सज्जन दो दुःखों द्वारा प्रतिदिन ही व्याप्त किए जाते हैं; एक ओर (यह दुःख है) कि (वे) सत्पुरुषो के काल में उत्पन्न नही हुए (तथा) दूसरी ओर (यह दुःख है) कि (वे) दुष्ट (पुरुषों) के काल मे (उत्पन्न हुए हैं)।

25. उत्तम बुद्धिवालो के लिये तथा श्रेष्ठ चरित्रवालों के लिये साक्षात्कार एवं अन्त सम्पर्क को स्वीकार करते हुए सर्वोच्च अधिकारी इस प्रकार मानते हैं (कि) जो लाभ (उन सर्वोच्च अधिकारियों को) अपने लिये (है) वह (ही) लाभ उन (उत्तम बुद्धिवालो तथा श्रेष्ठ चरित्र वालो) के लिये (भी) है।

26. वास्तव मे असाधारण धनाढ्य (व्यक्ति) भी आनन्द के योग्य सुखों को भोगते हैं, (किन्तु) केवल (वे व्यक्ति) (जिनके) पद शक्तिशाली (होते हैं) मूर्खतापूर्ण (कार्य) करने मे अर्थात् मूर्खतापूर्ण सुखो को भोगने में ही सिद्ध होते हैं।

27. सर्वोच्च अधिकारियों द्वारा किये गये अनादर से अशान्त होते हुए महापुरुषो का हृदय (सर्वोच्च अधिकारियो द्वारा) दुष्टों के किये गए) सम्मान के अवलोकन से केवल एक क्षण मे शात हो जाता है।

28. यदि कोई नाम से गुणी (व्यक्ति। राजाओ के घरों मे थोडी भी पहुँच सहित होते हैं (तो) (यह समझना चाहिये कि) वह (या तो) जन-समूह की तरह (उनकी) सामान्यता है (या फिर) उनके लिये कुछ अन्य ही कारण है।

लोकानुभूति

29. वच्चंति वेस - भावं जेहिँचिम्र सज्जणा णरिंदाण।
तेहिँचिम्र बहुमाणं गुणेहिँ किं णाम मग्गति॥

30. को व्व ण परंमुहो णिग्गुणाण गुणिणो ण क व दूमेंति।
जो वा ण गुणी जो वा ण णिग्गुणो सो सुहं जिम्रइ॥

31. जं सुम्रणेसु णिम्रत्तइ पहुण पडिवत्ति - णीसह हिम्रम्र।
तं खु इमं रम्रणाहरण - मोम्रणं गारव - भएण॥

32. म्रविवेम्र - संकिणोच्चेम्र णिग्गुणा पर-गुणे पसंसंति।
लद्ध - गुणा उण पहुणो बाढं वामा पर - गुणेसु॥

33 सव्वोच्चिम्र स-गुणुक्करिस-लालसो वहइ मच्छरुच्छाहं।
ते पिसुणा जे ण सहंति णिग्गुणा पर - गुणुग्गारे॥

34. सुम्रणत्तणेण घेप्पइ थोएणंचिम्र परो सुचरिएण।
दुक्ख - परिम्रोसिम्रव्वो म्रप्पाणोच्चेम्र लोम्रस्स॥

35 (वह) गर्व (जो) गुणों से (होता है) (उसको) विनय मे स्थित (व्यक्तियों) द्वारा भी छोडने के लिये (समर्थ होना) कैसे सम्भव है ? वही (गर्व) जो (बाह्य मे) त्यक्त होने पर (भी) (अन्तरग) हृदय मे दुगने से भी अधिक रूप से स्फुरित होता है।

36 यदि पीडा दिये जाते हुए सज्जन हृदय मे कुछ विचारते हैं (तो) मै (यह) नही जानता हूँ, किन्तु (इतना निश्चित है कि) (वे) (अपने प्रति) अपराध मे (अपराधी के प्रति) भी सावद्य क्रियाओं मे प्रवृत्ति नही करते हैं।

37 (यह ठीक है कि) गुण दोषो के लिए तथा दोष भी गुण-समूह के लिए महिमा प्रदान करते हैं, (किन्तु) दोषो के जो गुण (हैं), वे यदि गुणो के (हो) तो उन (गुणो) के लिए नमस्कार। (जैसे दोषों के द्वारा सासारिक जीवन मे सफलता मिल जाती है, वह यदि गुणो से मिल जाय तो गुणो को नमस्कार)

38. दोषो को खूब भोग करके (भी) आत्मा गुणो को (अपने मे) अवस्थित करने के लिए समर्थ होती है, किन्तु गुणो के सिद्ध होने पर (तो) दोषों मे (बिल्कुल ही) मति नहीं रहती है।

39 जैसा कि लोग कहते हैं कि पर गुणो की लघुता (प्रदर्शन) के द्वारा (स्व मे) गुण उदित होते हैं, वास्तव मे (यह) भूल है। (सच यह है कि) (स्व मे) गुणो की महानता का कारण आत्म-सम्मान ही (है)।

40 (गुणो से उत्पन्न होने वाली) उस महिमा को (गुणो के झूठे प्रदर्शन के द्वारा) यथार्थ मे गुण रहित भी (व्यक्ति कैसे धारण करेंगे ? (सच यह है कि) गुणो मे महान (व्यक्ति) भी, जिस (समय) मे (उनके द्वारा अपने) गुणो का प्रदर्शन किया ना है, (उस समय मे) मानो तुच्छता को प्राप्त कर लेते है।

35. मोत्तु गुणावलेवो तीरइ कह णु विणय–ट्ठिएहिं पि ।
मुक्कम्मि जम्मि सोच्चिग्र विउणग्रर फुरइ हिग्रग्रम्मि ।।

36. दूमिज्जता हिग्रएण किं पि चिंतेंति जइ ण जाणामि ।
किरियासु पुण पग्रट्ट ति सज्जणा णावरद्धे वि ।।

37. महिम दोसाण गुणा दोसा वि हु देंति गुण-णिहाग्रस्स ।
दोसाण जे गुणा ते गुणाण जइ ता णमो ताण ।।

38. ससेविऊण दोसे ग्रप्पा तीरइ गुण ट्ठिग्रो काउ ।
णि०वडिग्र-गुणाण पुणो दोसेसु मई ण सठाइ ।।

39. ग्रह मोहो पर-गुण-लहुग्रग्राएँ ज किर गुणा पयट्ट ति ।
ग्रप्पाण-गारवचिग्र गुणाण गरुग्रत्तण-णिमित्त ।।

40. वुब्भते जम्मि गुणुण्णग्रा वि लहुग्रत्तण व पावेंति ।
कह णाम णिग्गुणच्चिग्र त वहति माहप्पं ।।

41. (वास्तव मे) महिमा मे (और) गुणो के फल मे (संबंध है), (किन्तु) दुष्ट पुरुष (जो सोचते हैं कि) अगुणों के फल के द्वारा महिमाएँ बँधी हुई (हैं), (वे) गुणो (के अन्दर) से विपरीत उत्पत्ति को चाहते हैं।

42. गुणो से उत्पन्न मद सुपुरुषों के हृदय मे कभी प्रवेश नहीं करता है इस तरह पूर्णतः अप्रदर्शित मद के कारण भी उनके गुण महान होते हैं।

43. तब तक ही ईर्ष्यारूपी अपवित्रता (रहती है), जब तक विवेक स्पष्ट रूप से प्रकट नही होता है, (ठीक ही है) एक ओर पवित्र अग्नि द्वारा जलना हुआ, दूसरी ओर धूँआ विदा हुआ।

44 आश्चर्य! गुणी (व्यक्ति) वैभव पर आरूढ (व्यक्तियों) के लिए (तथा) वैभवशाली (व्यक्ति) गुणो मे महान् (व्यक्तियो) के लिए कुछ भी नहीं (हैं)। (वे) आपस मे (एक दूसरे को) (इस तरह से) छोटा करते हैं, जैसे जो (लोग) पर्वतो के नीचे भाग पर (और) (उनके) शिखर पर (स्थित रहते हुए) (एक दूसरे को छोटा करते हैं)।

45. जैसे जैसे इस समय गुण शोभायमान नही होंगे, (तथा) जैसे-जैसे (इस समय) दोष फलेंगे, वैसे-वैसे जगत भी अगुणो के आदर से गुण-शून्य हो जायगा।

46. (सत्पुरुषों का) राजाओं से भी क्या प्रयोजन (है)? (जिनके द्वारा) विवेक से सकल इच्छाएँ छोडी गई हैं (तथा) (जो) आसक्ति रहित (हैं), (वे) सत्पुरुष विधाता के साथ भी (संघर्ष करने के लिए) धैर्य रूपी कटिबंध से बँधे हुए होते हैं।

41. माहप्पे गुण-कज्जम्मि अगुण-कज्जे णिबद्ध-माहप्पा ।
विवरीअ उप्पत्ति गुणाण इच्छति कावुरिसा ।।

42. गुण सभवो मओ सुपुरिसाण संकमइ णेअ हिअअम्मि ।
तेण अणिव्वूढ-मअ व्व ताण गरुआ गुणा होति ।।

43 ता चेअ मच्छर-मल जाव विवेओ फुड ण विप्फुरइ ।
ज लअ च भअवआ हुअवहेण धूमो अ विणिअत्तो ।।

44 गुणिणो विहवारूढाण विहविणो गुरु गुणाण णहु किंपि ।
लहुअन्ति व अण्णोण्ण गिरीण जे मूल हिहरेसु ।।

45. जह जह णग्घति गुणा जह जह दोसा अ सपइ फलति ।
अगुणाअरेण तह तह गुण-सुण्ण होहिइ जअ पि ।।

46 किं व णरिंदेहिं विवेअ मुक्क सअलाहिलास-णीसगा ।
विहिणो वि धीर-पाइबद्ध-परिअरा होंति सप्पुरिसा ।।

41. (वास्तव मे) महिमा मे (और) गुणो के फल मे (सबंध है), (किन्तु) दुष्ट पुरुष (जो सोचते हैं कि) अगुणो के फल के द्वारा महिमाएँ बँधी हुई (हैं), (वे) गुणो (के अन्दर) से विपरीत उत्पत्ति को चाहते हैं।

42. गुणो से उत्पन्न मद सुपुरुषों के हृदय मे कभी प्रवेश नही करता है इस तरह पूर्णतः अप्रदर्शित मद के कारण भी उनके गुण महान होते हैं।

43 तब तक ही ईर्ष्यारूपी अपवित्रता (रहती है), जब तक विवेक स्पष्ट रूप से प्रकट नही होता है, (ठीक ही है) एक ओर पवित्र अग्नि द्वारा जलना हुआ, दूसरी ओर धूँआ बिदा हुआ।

44 आश्चर्य ! गुणी (व्यक्ति) वैभव पर आरूढ (व्यक्तियो) के लिए (तथा) वैभवशाली (व्यक्ति) गुणो मे महान् (व्यक्तियो) के लिए कुछ भी नहीं (हैं)। (वे) आपस मे (एक दूसरे को) (इस तरह से) छोटा करते हैं, जैसे जो (लोग) पर्वतो के नीचे भाग पर (और) (उनके) शिखर पर (स्थित रहते हुए) (एक दूसरे को छोटा करते हैं)।

45. जैसे जैसे इस समय गुण शोभायमान नही होगे, (तथा) जैसे-जैसे (इस समय) दोष फलेंगे, वैसे-वैसे जगत भी अगुणो के आदर से गुण-शून्य हो जायगा।

46. (सत्पुरुषो का) राजाओ से भी क्या प्रयोजन (है) ? (जिनके द्वारा) विवेक से सकल इच्छाएँ छोडी गई हैं (तथा) (जो) आसक्ति रहित (हैं), (वे) सत्पुरुष विधाता के साथ भी (संघर्ष करने के लिए) धैर्य रूपी कटिबंध से बँधे हुए होते हैं।

47. विण्णाणालोग्रोच्चिग्र कुमईण विसारग्र पग्रासेइ ।
कसणाण मणीण पिव तेग्र-प्फुरण - सिग्र चेग्र ॥

48. हिग्रग्र-विग्रडत्तणेण गरुग्राण ण णिव्वडंति वुढीग्रो ।
घालति महा - भवणेसु मद - किरणच्चिग्र पईवा ॥

49. ग्रच्चंत-विएएण वि गरुग्राण ण णिव्वडंति सकप्पा ।
विज्जुज्जोग्रो वहलत्तणेण मोहेइ ग्रच्छीइ ॥

50. जे गेण्हंति सयचिग्र लच्छि ण हु ते ण गारव - ट्ठाण ।
ते उण केवि सयचिग्र दालिद्द घेप्पए जेहि ॥

51. एक्के पावंति ण त ग्रण्णे परग्रो व्व तीए दीसति ।
इग्रराण महग्घाण च ग्रतरे णिवसइ पसंसा ॥

52. मरणमहिणंदमाणाण ग्रप्पणच्चेग्र सुवक - विहवाण ।
कुणइ कुविग्रो कग्रतो जइ विवरीग्र सु - पुरिसाण ॥

47 ज्ञान का प्रकाश ही कुमतियों की निस्सारता को प्रकाशित करता है। जैसे काले मणियों के (कालेपन को) सफेद प्रकाश की सफेद दमक ही (प्रकाशित करती है)।

48 हृदय की विशालता के कारण महान् (व्यक्तियों) की सम्मतियाँ प्रकट नहीं होती हैं। (ठीक ही है) दीपक से (उत्पन्न) मद-किरणें महा-भवनों में ही फिरती हैं अर्थात् बाहर नहीं आती हैं।

49 अत्यन्त ओजस्वी होने के कारण ही महान् (व्यक्तियों) के सकल्प सफल नहीं होते हैं। (ठीक ही है) पुष्कलता के कारण बिजली का प्रकाश आँखों को अस्त-व्यस्त कर देता है।

50. वास्तव में (यह) नहीं (है) (कि) जो स्वय ही लक्ष्मी को प्राप्त करते हैं, वे गौरव के योग्य नहीं हैं, किन्तु वे कुछ (ही) (महान् लोग हैं) जिनके द्वारा स्वय ही धन-हीनता ग्रहण की जाती है।

51. कुछ (लोग) उसको (प्रशंसा को) प्राप्त नहीं करते हैं, तथा कुछ (लोग) उसके (प्रशंसा के) परे देखे जाते हैं, प्रशसा (तो) अति-सम्माननीय तथा जघन्य (मनुष्यों) के बीच में (स्थित व्यक्तियों की) होती है।

52. यमराज, यदि कुपित (है) (तो भी) मरण का स्वागत करते हुए (तथा) स्वयं के द्वारा ही वैभव का त्याग किए हुए सत्पुरुषों के लिए विपरीत करता है (अर्थात् उनके जीवन को बढा देता है)

53 उवग्ररणीभूग्र-जग्रा ण हु णवर ण पाविग्रा पहु - ट्ठ ण ।
उवग्ररण पि ण जाग्रा गुण - गुरुणो काल - दोसेण ।।

54. विसइच्चेग्र सरहसं जेसु कि तेहिं गंडिग्रासेहिं ।
णिक्खमइ जेसु परिग्रोस - णिब्भरो ताइं गेहाइ ।।

55 उज्झइ उग्रार-भाव दक्खिण्ण करुणग्र च ग्रामुग्रइ ।
काण वि समोसरती छिप्पइ पुहवी वि पावेहिं ।।

56 ग्रंतोच्चिग्र णिहुग्रं विहसिऊण ग्रच्छंति विम्हिग्रा ताहे ।
इग्रर - सुलहं पि जाहे गरुग्राण ण किंपि संपडइ ।।

57. दावेंति सज्जणाण इच्छा - गरुग्र परिग्गह गरुग्रा ।
मग्रण - विणिवेस - दिट्ठं महा - मणीण व पाडबिंब ।।

58 साहीणं - सज्जणा वि हु णीग्र - पसंगे रमंति काउरिसा ।
सा इर लीला ज काम - धारण सुलह - रग्रणाण ।।

39

53. (यद्यपि) गुणों मे महान् (व्यक्ति तो) मानव जाति के अन्दर उपकार करने वाले हुए (हैं) (फिर भी) आश्चर्य ! (वे) न केवल उच्च स्थान को नही पहुँचे (हैं) (पर) काल-दोष से (उन्होने) जीविका का साधन भी नही पाया है ।

54 (मनुष्य) जिन (घरो) मे उत्सुकता से प्रवेश करता है, (किन्तु) छिन्न-आशाओं से ही बाहर निकलता है, उन (घरों) से क्या लाभ ? जिन (घरों) मे पूर्ण सतोष (होता है) वे (ही) वास्तव मे) घर (हैं) ।

55. (यदि कोई) किन्हीं के लिए भी उदार भाव को छोडता है, सरलता और दया को त्याग देता है, (तो) (ऐसे मनुष्यो से) दूर भागती हुई पृथ्वी भी पापो से स्पर्श करदी जाती है ।

56 जघन्य (व्यक्ति) के लिए सुलभ भी (वस्तु) जब महान् (व्यक्ति) के लिए थोडी सी (भी) सिद्ध नहीं होती है तब (वे) विस्मित हुए आतरिक रूप से ही हँस कर चुपचाप बैठ जाते हैं ।

57. महान् (लोग) प्राप्त किए गए उपहार को अभिलाषा से (अत्यधिक) बडा (उपहार) सज्जनो को दर्शाते हैं जैसे मोम-रचना के द्वारा देखा गया उत्तम मणियो का प्रतिबिंब (बडा दिखाई देता है) ।

58. आश्चर्य ! दुष्ट पुरुष नीच-संगति मे ही प्रसन्न होते हैं, (यद्यपि) सज्जन (उनके) निकट (होते हैं) । वह निश्चय ही (उनकी) स्वेच्छाचारिता है कि रत्नो के सुलभ होने पर (भी) (उनके द्वारा) काँच ग्रहण (किया जाता है) ।

59. थाम-त्थाम-णिवेसिअ - सिरीण गरुआण कह णु दालिद्दं ।
एक्का उण किविण - सिरी गआ अ मूल च्च पम्हुसिअ ।।

60. किविणाण अण्ण - विसए दाण - गुणे अहिसलाहमाणाण ।
णिअ - चाए उच्छाहो ण णाम कह वा ण लज्जा वि ।।

61. परमत्थ - पाविअ - गुणा गरुअ पि हु पलहुअ व मण्णति ।
तेण सिरीए विरोहो गुणेहिं णिक्कारण ण उण ।।

62. भुमआ - भगाणत्ता वि सुवुरिस ज ण तुरिअमल्लिअइ ।
त मण्णे धावती रहसेण सिरी परिक्खलइ ।।

63. णणु णासमणवलंबा एइच्चिअ सा वि सुवुरिसाभावे ।
देव्व-वसा तेण सिरीए होइ णासंसिओ विरहो ।।

59. स्थान-स्थान पर, (महापुरुषों के द्वारा) स्थापित लक्ष्मी के कारण उन (महापुरुषों) के लिए निर्धनता कैसे संभव है ? किन्तु कृपण की लक्ष्मी अकेली (है), यदि (वह) नष्ट हुई (तो) (उसका) मूल ही भुला दिया गया अर्थात् भुला दिया जायगा ।

60 दूसरों के विषय मे दान-गुण को सराहते हुए (भी) कृपण के निज-त्याग मे उत्साह नहीं है, और आश्चर्य (उसके) लज्जा भी कैसे नही है ?

61. चूँकि (मनुष्य) (जिनके द्वारा। वास्तविक गुण प्राप्त किए गए हैं, महान् भी (लक्ष्मी को) तुच्छ (वस्तु) की तरह मानते हैं, इसलिए लक्ष्मी का गुणों से विरोध वास्तव मे बिना कारण नहीं है ।

62. चूँकि (सत्पुरुष के द्वारा) भौं सिकुड़न (उपेक्षा) से आज्ञा दी गई भी लक्ष्मी सत्पुरुष को शीघ्रता से आलिंगन नही करती है, मैं सोचता हूँ उस कारण से ही (लक्ष्मी) (सत्पुरुषों की ओर) वेग से दौडती हुई (भी) स्खलित हो जाती है ।

63. सत्पुरुष के अभाव मे वह (लक्ष्मी) भी, जो) निस्संदेह आलंबन रहित (हो जाती है), बिल्कुल नाश को प्राप्त होती है । (इस तरह से) दैव के कारण उससे (सत्पुरुष से) लक्ष्मी का न चाहा हुआ विरह होता है ।

64. पूज्य लक्ष्मी धर्म से उत्पन्न (होती है)। (उसका) सज्जन से विरोध कैसे होना चाहिए ? वे लक्ष्मी के सदृश अलक्ष्मियाँ ही हैं जो दुष्टों में (स्थित हैं)।

65. जा विउला आओ चिरं जा परिहोइज्जलाओ लच्छीओ।
आआरधराणंचिअ ताओ ण उणो अ इअराण ॥

66. अवणेइ देइ अ गुणे दोसे णूमेइ देइ अ पआसं।
दीसइ एस विरुद्धो व्व को वि लच्छीए विण्णासो ॥

67. अण्णोण्ण लच्छिगुणाण णूण विसुणा गुणच्चिअ ण लच्छी।
लच्छी माहिलेइ गुणे लच्छि ण उणो गुणा जेण ॥

68 दुक्खाभावो ण सुह ताइं वि ण सुहाइं जाइ सोक्खाइं।
मोत्तूण सुहाइ सुहाइ जाइ ताइच्चिअ सुहाइ ॥

69. सुह-संग-गारवेच्चिअ हवंति दुक्खाइ दारुणअराइ।
आलोउक्करिसेच्चिअ च्छाया बहलत्तणमुवेइ ॥

70 सुह-संगो सुह-विणिवत्तिएक्क-चित्ताण अविरअं फुरइ।
अंगुलि-पिहिआण रवो अव्वोच्छिण्णो व्व कण्णाण ॥

वाक्पतिराज की

65. जो लक्ष्मियाँ विपुल (हैं), जो दीर्घ काल तक (रहती है), जो बहुत प्रयोग से उज्ज्वल होती हैं, वे (लक्ष्मियाँ) आचरण धारण करने वालो के ही (होती हैं), किन्तु जघन्यो के निश्चय ही (वह) नही (होती हैं)।

66 (लक्ष्मी) (किसी के) कुछ गुणों को दूर हटाती है तथा (उसके लिए) दोषो को देती है, (किसी के) दोषो को) छुपाती है तथा (उसको) प्रसिद्धि देती है, लक्ष्मी की यह रचना विपरीत तुल्य देखी जाती है।

67. एक दूसरे के साथ (तुलना करने पर) लक्ष्मी (और) गुणो मे से पूरी सभावना है कि गुण ही दुष्ट हैं, लक्ष्मी नही, क्योंकि लक्ष्मी गुणो को ग्रहण करती है, किन्तु गुण लक्ष्मी को नही।

68. दुःख का अभाव सुख नही (है), जो (सासारिक) सुख (हैं), वे भी सुख नही (हैं), (सासारिक) सुखो को छोडकर जो सुख (हैं) वे ही सुख (हैं)।

69. सुख को आसक्ति की गुरुता होने पर ही दुःख अधिक उग्र होते हैं (लगते हैं), (ठीक ही है) आलोक के अत्यधिक होने पर ही छाया स्थूलता को प्राप्त करती है।

70. सुख से निवृत्ति (लिए हुए) कुछ चित्तो मे सुख की आसक्ति लगातार स्फुरित होती है, जैसे ऊँगलियो से ढके हुए कानो मे शब्द लगातार (सुनाई देते हैं)।

71. दूमिज्जताइ वि सुद्दुमुवेंति गहयाण णिमय - दुक्खेहिं ।
रस - बंधेहिं कईण व विड्ण्ण - करुणाइ हिययाइं ।।

72. अण्णण्णाइ उवेंता ससार - वहम्मि णिरवसाणम्मि ।
मण्णंति धीर - हियया वसइ - ट्ठाणाइ व कुलाइं ।

73. ससिएहिंचिय लोओ दुक्ख लहुएइ दुक्ख - जणिएहिं
आयास - कएहिं करी आयास सीअरेहिं व ।।

74 पहरिस - मिसेण बाहो जं बघु - समागमे समुत्तरइ ।
वोच्छेय - कायराइ त णूण गलंति हिययाइं ।

75. मूढ सिढिलत्तणं ते सणेह - वासेण कह णु बद्धस्स
बाढ गाढयराअइ जो इर मोत्तु तणंतस्स ।।

76 कालवसा णासमुवागयस्स सप्पुरिस - जस - सरीरस्स
अट्ठि - लवायंति कहिं पि विरल - विरला गुणग्गारा ।

71. निज दुखों से सताए जाते हुए भी महान् (व्यक्तियों) के हृदय सुख प्राप्त करते हैं, जैसे शोक (भाव) को अर्पित (महान) कवियों के (हृदय) करुण रस की सरचनाओं द्वारा (सुख प्राप्त करते हैं)।

72. अन्त रहित ससार-पथ मे और और कुटुम्बों को प्राप्त करती हुई विवेकी आत्माएँ (उन कुटुम्बों को) (किन्ही) स्थानो मे ठहरने की तरह मानती हैं।

73. दुख से उत्पन्न सांस के द्वारा ही मनुष्य (मानों) दुःख को हलका करता है, जैसे प्रयत्न से उत्पन्न वायु-प्रेरित छीटों के द्वारा हाथी थकान को (हलकी करता है)।

74. चूँकि वधुओं से सम्बन्ध होने पर आँसू हर्ष के बहाने नीचे टपकता है, तो (इस बात की) पूरी सभावना है कि (सम्बन्ध के) विनाश से भयभीत हृदय पसीजते हैं।

75. हे मूढ ! राग के बन्धन से बँधे हुए तुम्हारे लिए (उनसे) छूटना कैसे समव (है) ? चूँकि छोडने के लिए (प्रयास) करते हुए (तुम्हारे लिए) जो (बधन) बहुत ज्यादा दृढतर हो जाते हैं।

76. काल के कारण नाश को प्राप्त सत्पुरुष रूपी यश-शरीर की हड्डियाँ अल्पमात्रा में हो जाती है, (इसलिए) किसी जगह (भी) (सत्पुरुषों के विषय में) गुणों के उद्गार थोड़े-थोड़े (हो जाते हैं)।

शोकानुभूति

77. को तेसु दुग्गग्राणं गुणेसु ग्रण्णो कग्रामरो होइ ।
ग्रप्पा वि णाम णिव्वेग्र-विमुहग्र जेसु दावेइ ॥

78. हिग्रग्र यहिं पि णिसम्मसु कित्तिग्रमासाइग्रो किलिम्मिहिसि।
दीणो वि वरं एक्कस्स ण उण सग्रलाए पुहवीए ॥

79. ग्रचइउ ता विहलुद्धरणगारव कत्थ त ग्रगहएसु।
ग्रप्पाणग्रस्स वि पियं इग्ररा काउं ण पारंति ॥

80. भूरि-गुणा विरलच्चिग्र एक्क-गुणो वि हु जणो ण सव्वत्थ ।
णिद्दोसाण वि भद्दं पससिमो विरल-दोस पि ॥

81. थोवागग्र-दोसच्चिग्र ववहार-वहम्मि होंति सप्पुरिसा ।
इहरा णीसामण्णेहिं तेहिं कह संगग्र होइ ॥

77. (दुर्गुणों) व्यक्ति ही जिन दुर्गुणों मे सचमुच घृणा (और) विमुखता दिखलाता है, (ऐसे) दुर्दशाग्रस्त (व्यक्तियो के) उन (दुर्गुणों) मे दूसरा कौन (है) (जिसके द्वारा) (उनका) आदर किया हुआ होता है ?

78 हे हृदय ! किसी भी जगह पर शान्ति के निकट हो। कितने समय तक आशा से ध्वस्त हुआ (तू) खिन्न होगा ? (सच है) (स्वय) किसी एक का ही दु खी (होना) श्रेष्ठतर है, किन्तु सकल पृथ्वी का (दु खी) होना) नहीं।

79. (जब) सामान्य (व्यक्ति) स्वय के भी सुख को सम्पन्न करने के लिए समर्थ नही हैं तो दु खियो के उद्धार करने का विचार सामान्य (व्यक्तियों) द्वारा कैसे (सभव है) ? इसलिए (सामान्य व्यक्ति) चुप चाप बैठा रहे।

80 वास्तव मे (वे मनुष्य जिनमे) प्रचुर विशिष्टताएँ (हैं), अल्प (हैं), आश्चर्य ! (वह) मनुष्य (जिसमे) एक भी विशिष्टता (है) (वह) (ही) सब जगह पर नही (है) (और) निर्दोष (मनुष्यो) का (मिलना) भी सौभाग्य (है), हम (तो) अल्प दोष को (लिए हुए मनुष्य की) भी प्रशसा करते हैं।

81. (सत्पुरुषों मे) उत्पन्न (किसी) छोटे दोष के कारण ही सत्पुरुष (अन्य मनुष्यों के साथ) सम्बन्ध रखने मे (समर्थ) होते हैं, अन्यथा उन असाधारण (व्यक्तियो) के साथ सम्बन्ध कैसे (सभव) होगा ?

82 उवकारिसोच्चेअ ण जाण ताण को वा गुणाण गुण-भावा ।
सो वा पर - सुचरिअ - लक्खणेण ण गुणत्तण तह वि ॥

83. णवर दोसा तेच्चेअ जे मअस्स वि जणस्स सुब्भति ।
णज्जति जिअतस्स वि जे णवर गुणा वि तेच्चेअ ॥

84. ववहारेच्चिअ छाय णिएह लोअस्स किं व हिअएण ।
तउग्गमो मणीण वि जो बाहिं सो ण भगम्मि ॥

85. सम–गुण - दोसा दोसेक्क - दसिणो सति दोस - गुण-वामा ।
गुण - दोस - वेइणो णत्थि जे उ गेण्हति गुणमेत्त ॥

86 सच्चविआसअल • गुणं पि सज्जणं सुवुरिसा पससंति ।
पडिबध - णूमिअद्ध को वा रअण विआरेइ ॥

82 जिन गुणों के कारण (गुणी मनुष्यों का) उत्कर्ष ही नहीं (है), उन (गुणों) से कभी क्या परिणाम घटित होता (है) ? सभवत (उन गुणी मनुष्यों का) वह (उत्कर्ष) दूसरे गुणियों के द्वारा (उन गुणी मनुष्यों से भी) आगे बढने के कारण नहीं (हुआ है), तो भी (उन गुणी मनुष्यों मे) गुणपना (तो है ही)।

83 वे ही केवल दोष हैं जो मरे हुए मनुष्य के विषय म भी सुने जाते हैं, और वे ही केवल गुण हैं जो जीते हुए (मनुष्यों) के विषय मे ही कहे जाते हैं।

84 व्यवहार से ही मनुष्य के स्वाभाविक रग रूप को देखो, (उसके) हृदय से क्या ? मणियों के भी प्रकाश का उद्भव जो बाहर की ओर से (होता है), वह (उनके) टूटने पर (भीतर से) नहीं (होता है)।

85 (कुछ के लिए) गुण और दोष (दोनो) समान (होते हैं), (कुछ) केवल मात्र दोषों को देखने वाले (हैं), (कुछ) दोष और गुण (दोनो) के विरुद्ध होते हैं और (कोई भी) गुण और दोष के (ऐसे) जानने वाले नहीं हैं जो गुण मात्र को ही ग्रहण करते हैं।

86. सत्पुरुष सज्जन की प्रशंसा करते हैं, यद्यपि (उनके द्वारा) (उसका) एक (ही) गुण देखा गया (है)। (ठीक ही है) कौन (व्यक्ति) रत्न को (जो) आवरण से आधा छुपाया हुआ है, कभी टुकडे-टुकडे करता है ?

87. सोहइ भदोस - भावो गुणो व्व जइ होइ मच्छरुल्लिरणो।
विहवेसु व गुणेसु वि दूमेइ ठिश्रो श्रहकारो ।।

88 जेण गुणप्पविश्राण वि ण गारव घण - लवेण रहिमाण।
तेण विहवाण णमिमो तेणचिग्र होउ विहवेहि ।।

89. दविणोवग्रार - तुच्छा वि सज्जणा एत्तिएण धीरेंति।
ज ते णिम - गुण - लेसेहि देंति काण पि परिश्रोस ।।

90 दूमति सज्जणाण पम्हुसिग्र - दसाण तोस - कालम्मि।
दाणाग्रर - सभम - दिट्ठ - पास - सुण्णाइं विलिग्राइ ।।

91. सइ जाउर - चिताग्रद्दिग्रं व हिग्रग्रं ग्रहो मुहं जाण।
उद्धुर - चित्ता कह णाम होतु ते सुण्ण - ववसाया ।।

87. यदि (मनुष्य) ईर्ष्या से मुक्त होता है, (तो) (उसका) दोष रहित स्वभाव तथा (कोई भी) गुण शोभता है, जैसे सपत्ति के कारण हुआ अहंकार पीडा देता है, (वैसे ही) गुणो के कारण (हुआ अहकार) भी (पीडा देता है)।

88. चूँकि वैभव के कण से रहित, यद्यपि गुणो से भरे हुए (व्यक्तियो) का सम्मान नही (है), इसलिए हम वैभव को नमस्कार करते हैं, (और) (इसीलिए) (व्यक्ति) उस वैभव से ही (दूर) होवे।

89 यद्यपि सज्जन (अन्य की) सपत्ति के द्वारा (किए गए) उपकार से (स्वय) तुच्छ (अनुभव करते हैं), (तथापि) इतने से ही धीरज धरते है कि वे निज-गुणो की अल्पमात्रा के द्वारा ही किसी के लिए (तो) सतोष देते हैं।

90 सज्जनो के द्वारा भूली हुई (स्वय की निर्धनता की) अवस्था के कारण प्रसन्नता के समय मे स्नेह से भेंट देने की उत्सुकता होने पर आस-पास देखा गया खालीपन लज्जा (उत्पन्न करता है)। (यह बात) (सज्जनो को) दु खी करती है।

91 जिनका मुख नीचा है तथा हृदय सदा पेट से सबध रखने वाली चिंता से खोया हुआ है, (उनके लिए) ऊँच उद्देश्य कैसे सभव हो? (वास्तव मे) वे (लोग) (उच्च) प्रयत्न से विहीन (होते हैं)।

92. लोए अमुणिअ - सारत्तणेण खणमेत्तमुव्विअताए ।
णिअम - विवेअ-ट्ठविआ गरूआण गुणा पअट्टंति ।।

93. गेण्हउ विहवं अवणेउ णाम लीलावहे वय-विलासे ।
दूमेइ कह णु देव्वो गुए - परिउट्ठाइं हिअआइं ।।

94. अघडिअ ~ परावलवा जह जह गरुअत्तणेण विहडंति ।
तह तह गरुआण हवंति बद्ध-मूलाओ कित्ताओ ।।

95. असलाहणे खलुञ्चिअ अलिअ - पसंसाए दुज्जणो विउणं ।
अपवत्त - गुणे सुअणो दुहा वि पिसुणत्तणं लहइ ।।

96. तण्हा अखंडिअच्चिअ विहवे अच्चुण्णए वि लहिऊण ।
सेल पि समारुहिऊण किं व गअणस्स आरुढ ।।

92 (मनुष्यो के द्वारा) (महापुरुषो के गुणों के) नही जाने गए सार के कारण क्षण भर के लिए खिन्न होते हुए महापुरुषो के द्वारा निज विवेक से (जो) गुण लोक मे स्थापित किए गए (हैं) (उनके विकास के लिए ही) (वे) चलते जाते हैं।

93 दैव यद्यपि सपत्ति को छीन ले (तथा) ग्रानन्द के वाहक खर्च की मौजो को लेले, तो भी वह गुणों से तुष्ट हृदयो को पीडा कैसे दे सकता है ?

